हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

04 सात परिवारों के घरों में लूट तोड़फोड़ और जान से...



07 नईसरांय मार्ग पर लगा जाम, गल्ला मंडी व रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसे वाहन





## समाचार संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर आयोजित नाल दंगल में बनिया गुर्जर बने विजेता

**आरोन।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर युवा आदर्श एकता मंच के तत्वावधान में आयोजित नाल दंगल प्रतियोगिता का सफल आयोजन पूर्व मंत्री एवं राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में किया गया। प्रतियोगिता में 40 किलोग्राम से लेकर 100 किलोग्राम तक के नाल उठाकर प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत शक्ति और साहस का प्रदर्शन किया।कड़े मुकाबले में



बनिया गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आरोन नाल दंगल का खिताब अपने नाम किया, जबकि सोनू यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये की नगद राशि मिंटूलाल जैन, विधायक प्रतिनिधि नगर परिषद आरोन द्वारा प्रदान की गई। वहीं द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपये नगद समिति के अध्यक्ष शिवा यादव द्वारा विजेता को प्रदान किया गया।नाल दंगल को सफल बनाने में समिति के सदस्यों शिवप्रताप तोमर, मुनेश यादव, सचिन जैन, कमल ग्वाल, सोनू सिलावट, राजेंद्र यादव, मुंशीलाल एवं लक्ष्मण सहित सभी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर देशभक्ति, खेल भावना और उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक मजबूती का संदेश देते हैं।

### सवर्ण समाज की बैठक आयोजित हुई

**आरोन ।** नगर में गायत्री मंदिर परिसर पर सवर्ण समाज की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यूजीसी बिल को "काला कानून" बताते हुए विरोध का ऐलान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह कानून समाज को बांटने वाला है और सवर्ण समाज को गलत रूप से दोषी ठहराता है। बैठक में चरणबद्ध आंदोलन, ज्ञापन, धरना और चक्का जाम की रणनीति पर सहमति बनी।ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य



और कश्यप समाज के लोगों ने एकजुट होकर विरोध का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 29 जनवरी को दोपहर 4 बजे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून पर रोक के लिए आभार जताते हुए अगली सुनवाई 19 मार्च 2026 तक प्रतीक्षा करने की बात कही गई।

### सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट में मनाया गणतंत्र दिवस

**गुना।** स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण व राष्ट्रगान से हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच रामचरण बघेल सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित




समारोह में छात्रों ने देशभक्ति गीत, नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल देशभक्तिमय बना दिया। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय को यशवंत सिंह धाकड़ जैसे प्राचार्य मिलें।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### ऊमरी में एकल की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**गुना।** स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है चलो गांव की और हमें फिर देश बनाना है इस उद्देश को लेकर एकल अभियान मध्यभारत भाग अंचल गुना के संच ऊमरी में एक दिवसीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एकल अभियान प्रभाग पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली मुख्यरूप से उपस्थित रहे ओर उन्होंने एकल आचार्यों के मासिक रिपोर्ट की समीक्षा की साथ ही एकल के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा



कर उनका मार्गदर्शन किया। जैन ने कहा कि हम सभी आचार्य एकल के कार्य को ईश्वरीय कार्य मानकर सेवा करे। हमारे विद्यालय प्रतिदिन लगे ओर पाठशाला में बच्चों को संस्कार शिक्षा प्रदान कर उन्हें राष्ट्र उपयोगी बनाएं। श्री जैन ने कहा कि प्रत्येक एकल विद्यालय को A+में लाना हे ओर पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से गांव गांव में जन जागरण कर ग्राम का सर्वांगीण विकास करना हे। इसी के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना, बच्चों में संस्कार और देशभक्ति जाग्रत करना, और सामाजिक बुराइयों (जैसे धर्मांतरण) के प्रति जागरूकता फैलाना ही आचार्य मासिक बैठक का मुख्य उद्देश्य हे। बैठक पश्चात वनयात्रा के दौरान चक देवपुर विद्यालय ग्राम के दर्शन के लिए रोटरी क्लब गुना रॉयल अध्यक्ष सौरभ जैन एवं सचिव जितेंद्र वर्मा सहित रोटरी सदस्यों ने ने चकदेव विद्यालय दर्शन किए। इस अवसर पर संच प्रभारी स्वतंत्र ओझा, सचिव दिनेश शर्मा, संच ऊमरी प्रमुख रामबाबू बाबू खेरुआ, अंचल व्यास सोनू बंजारा, संच व्यास कृष्ण कुमार शर्मा, चकदेव पुर आचार्य चंदन सहित सभी विद्यालयों के आचार्य उपस्थित रहे।

# कैंट पेट्रोल पंप पर जांच, पेट्रोल के सैंपल लेकर लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में पानी मिलने की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। बुधवार को ग्राहकों द्वारा हंगामा किए जाने और पेट्रोल में पानी निकलने के आरोप सामने आने के बाद गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए संबंधित पेट्रोल पंप पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान टीम ने पेट्रोल के सैंपल लिए और उन्हें विस्तृत परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा।खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मीडिया के माध्यम से पेट्रोल में पानी मिलने की शिकायतों की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसी के आधार पर टीम ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर अंडरग्राउंड टैंक की जांच की। मौके पर पेट्रोल की डेनसिटी भी चेक की गई। प्रारंभिक जांच में उस समय पेट्रोल में पानी की मौजूदगी नहीं पाई गई, लेकिन गुणवत्ता और शुद्धता की पूरी पुष्टि के लिए सैंपल इंडियन ऑयल की अधिकृत लैब भेजे गए हैं। लैब रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।अधिकारियों ने बताया कि



जांच के दौरान केवल पेट्रोल की गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि मात्रा की भी जांच की गई। इसके साथ ही पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले के किसी भी पेट्रोल पंप को गुणवत्ता या माप में लापरवाही करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को इसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में पानी निकलने की शिकायतों के बाद दर्जनों ग्राहकों ने हंगामा किया था। कई वाहनों के बंद होने और पेट्रोल को बोतलों में निकालने पर उसमें पानी दिखाई देने के दावे किए गए थे। नाराज ग्राहकों के दबाव में पेट्रोल पंप संचालक को प्रभावित वाहनों से पुराना पेट्रोल निकालकर दोबारा पेट्रोल भरवाना पड़ा था। संचालक की ओर से उस समय भारी बारिश के कारण भूमिगत टैंक में रिसाव की आशंका जताई गई थी। गुरुवार की जांच के बाद अब सभी की निगाहें लैब रिपोर्ट पर टिकी हैं। वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी निगरानी बढ़ाए जाने की बात कही जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने और उपभोक्ताओं को नुकसान न उठाना पड़े।

### खजांची पर भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर

# कोषालय में 2.70 करोड़ रुपए का स्टांप घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला कोषालय में सरकारी स्टांप जारी करने के मामले में लगभग 2.70 करोड़ रुपये की गंभीर वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में कोषालय के सहायक ग्रेड-3 (खंजाची) केशव वर्मा पर आरोप है।

कैंट थाने में बुधवार को उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। कोषालय अधिकारी राकेश कुमार ने 21 जनवरी को कैंट थाने को लिखे पत्र में बताया कि संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, ग्वालियर द्वारा 17 और 18 दिसंबर को कोषालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आईएफएमआईएस रिपोर्ट और भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद दूसरी गहन जांच कराई गई, जिसमें सामने




आया कि कुल 3.74 करोड़ रुपये के स्टांप चालान जारी किए गए, लेकिन सिस्टम में मात्र 1.01 करोड रुपये की ही एंट्री की गई।

शेष 2.70करोड़ रुपये की राशि बकाया रही, जिससे शासन को प्रत्यक्ष हानि हुई। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा की जांच रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 से 2025 तक की अवधि में भौतिक रूप से स्टाम्प जारी किए गए, लेकिन कंप्यूटर प्रणाली में उनकी प्रविष्टि नहीं की गई। केशव वर्मा ने अपने आवेदन में स्वीकार किया कि निरीक्षण के दौरान कम पाए गए स्टांप उन्होंने बिना कंप्यूटर एंट्री और कोषालय अधिकारी की जानकारी के भूलवश दे दिए। कोषालय अधिकारी के पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 16 से 24 के अनुसार अभिलेखों, स्टॉक और विवरणों का विधिवत संधारण नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप स्टाम्प निर्गमन, चालान प्रविष्टि और पावती संधारण में गंभीर अनियमितता हुई।

यह अनियमितता लंबे समय तक छिपी रही और शासन को भारी आर्थिक हानि पहुंचाई।वेंडर द्वारा उन स्टाम्पों पर दावा किया जाता है, तो वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।केशव वर्मा ने वास्तविक आवश्यकता से अधिक मात्रा में शासकीय स्टाम्प वेंडरों को बिना सक्षम अनुमति और पावती के दिए। उन्होंने निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। ट्रेजरी के डबल लॉक सिस्टम को बिना अनुमति के सिंगल लॉक में बदलकर स्टांप निकाले गए। बैंक/वेंडर स्टाम्प की रसीदें भी सुरक्षित नहीं रखी गईं।

## सीसीटीवी में दो चोर खंडहर की तरफ धकेल कर ले जाते हुए दिखे

### 26 जनवरी की रात नई सड़क से बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है शातिर चोर रात के अंधेरे में ज्यादातर अपनी योजनाओं को अंजाम देते नजर आ रहे हैं । ताजा मामला नई सड़क पर सामने आया है । मजे की बात यह है की मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम देते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं । 25 एवं 26 जनवरी की दरमियां रात 12:48 बजे चोरी करके स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को हाथ से धकेल कर सामने वाले सुनसान खाली खंडहर में ले जाते हुए दोनों बदमाश नजर आ रहे हैं।फरियादी अशोक पुष्पध ने बताया कि बह नई सड़क दुर्गा टॉकीज के पास गुना निवासी हैं। दिनांक 25 जनवरी को रात करीबन 10:00 बजे



मैंने अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर क्रमांक एमपी 08 एम यू 5939 को घर के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया था ।जब सुबह करीबन 5 बजे में उठा और बाहर आकर देखा तो मेरी मोटरसाइकिल नहीं थी ।मैंने अपनी मोटरसाइकिल आसपास तलाश की तो नहीं मिली । फिर पड़ोसियों के कमरे में देखा तो पता चला कि मेरी उक्त मोटरसाइकिल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया । दो लोग मोटरसाइकिल को धकेल कर ले जाते हुए दिखाएं दिए। उक्त मोटरसाइकिल मेरे लड़के स्वप्निल के पुष्पद के नाम पर रजिस्टर्ड है ।

## पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 3 साल का कठोर कारावास व 1500 रुपए का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाले आरोपी को न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 3 साल के कठोर कारावास एवं 1500 के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि अभियोक्त्री ने उसके माता-पिता के साथ आरक्षी केन्द्र कैन्ट में रिपोर्ट लेखबद्ध करवाई कि 17.09.2024 को अभियोक्त्री के माता-पिता बैंक के काम से गुना गये हुये थे और भाई विसर्जन के लिए गांव से बाहर गया था। दिन के 3:00 बजे अभियोक्त्री घर के बाहर बैठी हुई थी, तभी गांव का नरेश शिकारी आया और अभियोक्त्री से गोल्ड सिगरेट मांगने लगा इस पर अभियोक्त्री ने अभियुक्त नरेश शिकारी से कहा कि हमने अपनी दुकान बहुत दिनों पहले बंद कर दी है। इसके पश्चात अभियुक्त नरेश शिकारी ने अभियोक्त्री को अकेला पाकर बुरी नियत से टच करने लगा इस पर अभियोक्त्री ने अभियुक्त को धक्का देकर हटाया तथा चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के रजेर भैया आ गये जिन्हें



देखकर नरेश भागा और जाते-जाते अभियोक्त्री को कह रहा था कि अगर तूने यह बात अपने घर पर बताई तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। इसके पश्चात जे भैया ने अभियोक्त्री के माता-पिता को मोबाईल पर सारी बात बताई और कुछ देर बाद अभियोक्त्री के माता-पिता घर आ गए तब अभियोक्त्री ने उसके माता-पिता को सारी बात बताई। उसके आधार पर आरक्षी थाना कैन्ट में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय में पैरवी करते हुए ममता दीक्षित एडीपीओ गुना द्वारा विधिक तर्क रखे गए जिससे सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को धारा 74 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 3 साल के कठोर कारावास एवं 1500 के अर्थदंड से दंडित किया।

## आरोग्य भारती गुना ने किया स्वास्थ्य मंथन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय ने स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दैनिक जीवन में स्वस्थ समाज का होना बहुत जरूरी हे। इसके लिए हमको आयुर्वेद दिनचर्या, ऋतु चर्या अनुसार भोजन करना साथ ही प्राकृतिक चिकित्सा और भारतीय जीवन शैली के माध्यम से समाज को जागरूक करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य रहा हे। इसी को लेकर आज स्वास्थ्य मंथन के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ सहित नगर के गणमान्य जन सम्मिलित हुए आप सभी अपना व्यवहार और आहार विहार से जीवन को स्वस्थ रखे। बता दे कि आरोग्य भारती द्वारा जन-स्वास्थ्य और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए समय-समय पर आरोग्य मंथन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत गुरुवार को आरोग्य भारती जिला गुना द्वारा स्थानीय ओमकार कॉलेज गुना के सभागार में आरोग्य मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत




माता एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल शामिल हुए ओर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 100 वर्ष तक निरोगी रहने के लिए हमको दैनिक जीवन में अपना आहार,बिहार, विचार ओर योग के साथ साथ प्रतिदिन 1 घंटा शारीरिक व्यायाम करना आवश्यक हैक। कार्यक्रम में आरोग्य भारती मध्यभारत प्रांत संगठन सचिव मुकेश दीक्षित ने आरोग्य के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आरोग्य भारती अध्यक्ष डॉ पी बुनकर, सी एम एच ओ डॉ राजकुमार ऋषिस्वर, प्रदीप सेन मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का परिचय आरोग्य भारती सचिव डॉ सचिन सोनी ने कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सतीश चतुर्वेदी ने किया एवं आभार डॉ पुरुषोत्तम बुनकर ने माना। इस अवसर पर कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक के अग्रवाल, विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल, आरोग्य भारती प्रांत सह सचिव जे पी शर्मा,आरोग्य भारती के संरक्षक डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, आरोग्य भारती जिला पर्यावरण प्रभारी विकास जैन नखराली, संरक्षक डॉ हृदेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बीडी शर्मा, डॉ नीरज मीणा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### धूम्रपान करने वालों पर हुई कार्रवाई

गुना। जिले में नव पदस्थ डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी ने बुधवार सुबह जिला चिकित्सालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत भी की तथा चिकित्सकीय सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर की नजर अस्पताल परिसर में धूम्रपान करने वाले लोगों पर भी पड़ी। इस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद मौके पर मौजूद अमले ने धूम्रपान करने वालों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसर में धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसका उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय को धूम्रपान मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से पहले से ही एक विशेष टीम गठित की गई है, जो नियमित रूप से परिसर में भ्रमण कर नियमों का पालन सुनिश्चित करती है।

### जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए आरोप

# मामले की निष्पक्ष व गहन जांच हो, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए कथित रूप से ऑनलाइन माध्यम से संगठित छेड़छाड़ किए जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर किशोर कन्याल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। कांग्रेस की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गुना, बमोरी, राघौगढ़ और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से फर्जी और भ्रामक आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर किए गए सत्यापन, बीएलओ और कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी में यह सामने आया है कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गईं, वे जीवित हैं और लंबे समय से अपने पते पर निवास कर रहे हैं। कई मतदाताओं को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि उनके नाम से कोई आपत्ति दर्ज की गई है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गुना शहर के वार्ड क्रमांक 11, 13 और 16 के अलावा जीनघर, कर्नलगंज और कैंट क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों के उदाहरण सामने आए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि यह पूरा मामला



ऑनलाइन डिजिटल पोर्टल के माध्यम से किया गया, जिससे इसे साइबर अपराध और संगठित धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर से मांग की कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज ऑनलाइन आपत्तियों की साइबर फॉरेंसिक जांच कराई जाए और आईपी एड्रेस, डिवाइस डिटेल तथा लॉगिन पैटर्न के आधार पर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए। साथ ही पोर्टल से जुड़े सभी डिजिटल रिकॉर्ड और लॉग्स को सुरक्षित रखने की भी मांग की गई, ताकि साक्ष्य नष्ट न हो सकें। कांग्रेस का कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रशासन को इस पूरे प्रकरण में त्वरित, पारदर्शी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार मेला का आयोजन आज होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्म निर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर 30 जनवरी 2026 को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे मे मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। स्वरोजगार मेला में सहभागिता हेतु गूगल लिंक पर आवेदन कर सकते है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मानक जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशीष सोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिघरा निवासी श्रीपाल चन्देल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विकास जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो बाईक टकराईं, दोनों पक्ष पर मामले पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम पचकुइया पुलिसा के पास दो बाईक आपस में टकरा गईं जिसमें दोनों बाईक चालकों को चोटे आई हैं दोनो बाईक चालकों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं। एक पक्ष की ओर से ग्राम छीपौन निवासी रामवीर कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बबलू कुशवाह ने अपनी बाईक जिसका नम्बर एपी 67 एमजी 3106 को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक मे टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। इसी प्रकार दूसरे पक्ष की ओर से बबलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामवीर कुशवाह ने अपनी बाईक जिसका नम्बर एमपी 08 एमएफ 9032 है उसे तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### एक घंटे तक वाहन चालकों को रास्ता खुलने का इंतजार करना पड़ा

# नईसरांय मार्ग पर लगा जाम, गल्ला मंडी व रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसे वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शाढ़ौरा-नईसरांय मार्ग पर गुरूवार को जाम की स्थिति बन गई। जिसके कारण सड़कों के दोनों ओर वाहन जाम खुलने का इंतजार करते रहे, 1 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। यहां प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा, स्वयं वाहन चालकों को जाम हटाने के लिए स्वयं प्रयास करना पड़े।

यह जाम की स्थिति उस जगह बन रही है जहां नईसरायं फाटक है उसी से लगी हुई गल्ला मंडी और यहीं पर धर्मकांटा है। जिसके कारण एक ही स्थान पर यह सब होने से आने वाले वाहन और जाने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुरूवार को रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसे सैकड़ों वाहन, अशोकनगर शाढौरा नईसरांय कस्बे के मुख्य मार्ग रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती देखी गई। गल्ला मंडी में उपज लेकर आने वाल किसान अपनी ट्रेक्टर ट्राली मंडी में ले जाने से पहले पास में बने धर्मकांटा पर तोल के लिए जाते हैं जिसके कारण पूरी रोड पर जाम लगा देते है और इसी पर रेलवे क्रॉसिंग के बार-बार फाटक बंद होने के कारण जाम की स्थिति बन गई जिसके कारण गुरुवार दोपहर 3:30 बजे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

स्थिति यह रही कि घंटों तक एंबुलेंस और यात्री बसें और स्कूल बसों के साथ साथ मोटरसाइकिल, कार भी इस जाम में फंसी रहीं। मुख्य कारण यह है कि शाढ़ौरा मंडी में माल की बंफर आवक होने और शाडोरा रेल्वे फाटक बंद होने के साथ ,रेलवे लाइन पर रैक लगने से भरी मात्र में भारी ट्रक रोड पर जाम लगाए रहे। वर्तमान में गल्ला मंडी में जिंसों की आवक बढ़ने के कारण सैकड़ों की संख्या में भारी ट्रक जो रैक के लिए लोड किये ज रहे है जो सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं। इसके अलावा, रेलवे गेट (क्रॉसिंग) बंद होने के दौरान ट्रकों की कतारें इतनी लंबी हो जाती हैं कि दोपहिया वाहनों तक को निकलने की जगह नहीं बचती। ऐसा आए दिन हो रहा है।

**आम जनता की चिंता किसी को नहीं**

स्थानीय निवासियों और राहगीरों का कहना है कि यह समस्या अब रोज की बात हो गई है। जिससे रोज समय की बर्बादी लोगो की मुसीबत बनी हुई है नईसरांय की ओर जाने वाले यात्रियों को मात्र 1 किमी का सफर तय करने में 40 से 50 मिनट लग रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी के कारण यातायात को सुचारू बनाने के लिए मौके पर कभी पुलिस बल तैनात नहीं रहता। मंडी के सीजन में यहां पैर रखने की जगह नहीं होती। ऊपर से रेलवे गेट बंद होने पर जाम और भी विकराल हो जाता है। प्रशासन को यहां ट्रैफिक पुलिस की स्थाई तैनाती करनी चाहिए। स्थानीय नागरिक को कहना है कि यदि समय रहते मंडी धर्मकांटा और रेल्वे फाटक पर लगने बाले वाहनों के लिए की व्यवस्था वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह जाम किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**नईसरांय गेट पर फ्लाई ओवर की मांग**

शाढ़ौरा कस्बे में रेल पटरियां दो स्थानों से गुजरती हैं एक शाढ़ौरा कस्बे में प्रवेश से पहले और दूसरा शाढ़ौरा नईं सराय मार्ग पर। जो प्रवेश से पहले पटरियां निकलती हैं यह अशोकनगर गुना सड़क मार्ग है जो 2 जिलों को आपस में जोड़ता है। इस मार्ग पर पूरी रात और दिन यातायात निकलता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए शाढ़ौरा रेल फाटक पर एक नए ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है इस ब्रिज का निर्माण पिछले दो साल से चल रहा है और अभी भी जारी है। ब्रिज बनाने की रफ्तार धीमी होने से अभी रेल फाटक के एक तरफ का हिस्सा ही बन पाया है अभी दूसरा हिस्सा तैयार होना है जब तक यह ब्रिज तैयार नहीं होता तब तक ट्रेनें गुजरने के कारण इस फाटक के दोनों ओर भी वाहन फाटक खुलने का इंतजार करते रहते हैं हालांकि इस समस्या का निदान आने वाले दिनों में ब्रिज बनते ही पूरा हो जाएगा। लेकिन नईसरायं फाटक का क्या होगा, यहां न अंडर ब्रिज की योजना है और न ही प्लाईओवर की। जबकि यह मार्ग भी प्रमुख मार्ग है जो 2 तहसीलों शाढ़ौरा और नईसरायं को तो आपस में जोड़ता ही है साथ में नईसरायं होकर म्याना होते हुए शिवपुरी और ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। ऐसी स्थिति में आने जाने वाले वाहनों को रेल फाटक बंद रहने का दंश भोगना पड़ता है। धीरे-धीरे मानव रहित रेल क्रासिंग की समस्या का निराकरण करने के प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन अब तक इस नईसरायं फाटक के लिए कोई योजना नहीं हैं यहा भी एक ब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए।

### जिला जेल में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

## जेल का किया निरीक्षण, कैदियों को दी अधिकारों की जानकारी



**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सचिव,न्यायाधीश मनीष अनुरागी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर की उपस्थिति में गुरूवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया।

### विवाहिता से छेड़छाड़ के दोषी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए का जुर्माना भी लगाया

**अशोकनगर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुंगावली जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये आरोपी इलियास खांन पुत्र जलील खांन निवासी अजीज कॉलोनी मुंगावली जिला अशोकनगर को छेड़ छाड़ के प्रकरण में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन/जिला अभियोजन अधिकारी जिला अशोकनगर के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ मुंगावली नम्रता शर्मा द्वारा किया गया। अभियोजन कहानी के अनुसार घटना दिनांक को रात करीब 10:00 बजे की बात है कि पीडिता का पति बाजार गया था, उसकी सास अलग कमरे में सो रही थी एवं वह अलग कमरे में अकेली थी उसी समय आरोपी इलियास खांन उसके घर में घुस आया और बुरी नियत से पीडिता का हाथ पकड लिया। उसके चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर उसकी सास व पति आ गये थे तब आरोपी भागने लगा तो उसके पति ने आरोपी को पकडना चाहा तो आरोपी ने वहीं पडा डण्डा उठाकर उसके पति की मारपीट की जिससे उसे जगह-जगह चोटें आईं। उक्त घटना के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मुंगावली में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया गया।

## अशोकनगर जिले के 1336 कृषकों को भावांतर राशि का भुगतान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम मल्हारगढ़ जिला मंदसौर में आयोजित किया गया। इस भावांतर योजना के चतुर्थ चरण में योजनान्तर्गत जिले के 1336 कृषकों को 26722474 राशि रूपये का सिंगल क्लिक के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में भुगतान किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन मण्डी परिसर अशोकनगर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजयप्रताप सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक एवं संजीव भारिल्ल, जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, रामकृष्ण रघुवंशी भारतीय किसान संघ, राजकुमार रघुवंशी, खुमान सिंह रघुवंशी भारतीय किसान संघ, अभिषेक रघुवंशी, सुमत जैन व्यापारी संघ प्रतिनिधि, अमित सिंह भदौरिया उपसंचालक कृषि, डॉ. हेमन्त कुमार त्रिवेदी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ. के.के. यादव वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, भागीरथ अहिरवार मण्डी सचिव,कृपाराम यादव अध्यक्ष हम्माल संघ प्रतिनिधि, राकेश बरहा तुलावट संघ प्रतिनिधि, दीवान सिंह जाटव जिला सलाहकार कृषि, डॉ. बैजनाथ सिंह यादव बी.टी.एम.,शैलेन्द्र पुरोहित मिट्टी प्रीक्षण, मण्डी सचिव, तथा किसान, हम्माल, तुलावट, व्यापारीगण एवं मण्डी स्टॉफ व सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 20 में 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद शालिनी योगेश खेरा एवं परिषद के पार्षदों के साथ वार्ड क्रमांक 20 में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। अम्बेडकर भवन के पास साहू धर्मशाला वाली गली में सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त निर्माण कार्य लगभग 10 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद विपिन शिवहरे, धर्मेंद्र रघुवंशी (खेजरा), योगेश खेरा, श्याम चैधरी, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, मनोहर चैधरी, सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष मनोरिया ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सुविधाओं,विकास के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है।

## फेयरवेल पार्टी के दौरान सड़कों पर स्टंट करने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा फेयरवेल पार्टी के दौरान सड़कों पर ट्रैक्टर, थार, स्कॉर्पिया, वेन्यू, ओपन जीप सहित अन्य वाहनों से स्टंट व हुड़दंग करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस अशोकनगर शहर अंतर्गत फेयरवेल पार्टी में सम्मिलित होने वाले छात्रों द्वारा सड़कों पर स्टंट करने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर पहचान करते हुए दो ट्रैक्टर, एक थार, एक स्कॉर्पिया, एक वेन्यू, एक ओपन जीप सहित कुल 7 वाहनों को जब्त किया गया तथा सभी जब्त वाहनों पर 5,000-5,000 का चालान किया गया। साथ ही संबंधित छात्रों के अभिभावकों एवं स्कूल स्टाफ को थाने बुलाकर भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से बचने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन, स्टंट, पटाखा बुलेट एवं खतरनाक तरह से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## कलेक्टर ने किया ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण, खेतों पर जाकर देखी फसलों की स्थिति

**अशोकनगर।** विगत दिनों जिले में अचानक मौसम परिवर्तन के कारण ओलावृष्टि होने से जिले के बहादुरपुर क्षेत्र में फसलें अधिक प्रभावित हुई हैं। जिसे देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरुवार को तहसील बहादुरपुर के ग्राम ओडेर पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण किया। साथ ही फसलों की वर्तमान स्थिति को देखा। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि प्रभावित फसलों का स्पष्ट सर्वे कर फसल क्षति का सही आंकलन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की प्रभावित फसलों का यथाशीघ्र सर्वे कर राहत राशि प्रदान की जाए।



### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपनावदा की साप्ताहिक बैठक का आयोजन कर ग्रामोत्सव मनाया

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर के मड़खेड़ा सेक्टर 01 के अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम पिपनावदा की साप्ताहिक बैठक एवं ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अन्तर्गत ग्रामोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिक्षा स्वास्थ्य,पर्यावरण आदि पर प्रकाश डाला। जगराम सिंह ने नशा मुक्ति की जानकारी दी। इस ग्रामोत्सव में युवा और बुजुर्गों के रस्सी खींच प्रतियोगिता हुई। इस ग्रामोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सेन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खिरिया गुहांस अध्यक्ष सोनू यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपनावदा अध्यक्ष राजा सिंह यादव सदस्य तूफान सिंह, जगराम, बृजेन्द्र सिंह,विक्रम सिंह सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।




## गुरुजी से प्रा.शिक्षक बने 34 शिक्षकों की 3 साल शासकीय सेवा कर दी विलोपित, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गुरुजी से प्रा.शिक्षक बने अशोकनगर विकासखंड के 34 शिक्षकों की तीन साल की शासकीय सेवा को विलोपित कर दिया गया। संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही के साथ सीनियारिटी, क्रमोन्नति एरियर अविलंब मिलें।

मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग बल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक/१-44-6/2014/20- 2, दिनांक -10/02/2014 द्वारा एवं जनपद पंचायत अशोकनगर के आदेश क्रमांक/स्था/सं शा . शि./2015-16/1319, अशोकनगर दिनांक 04/06/2015 के अनुसार गुरुजी से (नियोजित कर) संविदा शाला शिक्षक फिर प्रा.अध्यापक बने प्रा.शिक्षकों को संशोधन दिनांक 28/12/2013 की अधिसूचनाके आधार पर उनकी सेवाकाल की गणना 22/10/2011 से करना था जबकि इन शिक्षकों के सेवाकाल की गणना 2014 से की गई है। और इस तरह उनकी 3 साल की सेवा विलोपित कर दी गई। जो कि नितांत मनमानी, शासकीय आदेशों की अवहेलना और शिक्षकों के साथ क्रूर अन्याय है।

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्रं सिह रघुवंशी ने उपरोक प्रकरण में जिम्मेदार दोषी प्रशासनिक मशीनरी पर कार्यवाही की मांग की है जिसमें कहा गया है कि संबंधित शिक्षकों की सेवाकाल की गणना दिनांक 22/10/2011 से की। जाकर उसी के मुताबिक सीनियरिटी, क्रमोन्नति और एरियर का भुगतान किया जाए अन्यथा की स्थिति में मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ सम्बंधित शिक्षकों के साथ आन्दोलन करेगा और प्रकरण को न्यायालय में ले जाने हेतु बाध्य होगा। आज उपरोक्त मांगों को लेकर अध्यापकों ने मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी तरह का ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को भी सौंपा गया है।

## सीएचसी शाढ़ौरा में हुआ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सीएचसी सढौरा में आज स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जो सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना एवं सेवाओं को और बेहतर बनाना रहा।

सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी ने बैठक के दौरान ब्लॉक में चल रहे सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आशा सुपरवाइजर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने पूरे ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की एक-एक कर विस्तृत जानकारी सीएमएचओ को प्रस्तुत की और जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों से अवगत कराया।

बैठक में जिले से डीपीएम कपिल पाराशर, पंकज यादव, डाटा मैनेजर पंकज शर्मा, टीकाकरण डाटा मैनेजर नागेंद्र रघुवंशी, डीसीएम आनंद माथुर, बीपीएम गणेश बहरे, बीसीएम संजीव रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजा मेदिनी राय और रानी मणिमाला के नाम से बनेगा पार्क

## चंदेरी में जौहर दिवस पर शोभायात्रा निकली







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आत्मसम्मान, गौरव और सतीत्व की रक्षा के लिए माता मणि माला ने 1600 क्षत्राणियों के साथ विशाल अग्निकुंड में कूंद कर जौहर किया था। इस जौहर दिवस के मौके पर चन्देरी में भव्य शोभा यात्रा निकाल कर जौहर दिवस मनाया गया, इस बार यह 499वां जौहर दिवस था।

अगले वर्ष 500वां जौहर दिवस व्यापक रूप से मनाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि 5 बीघा जमीन में एक पार्क बनाया जाएगा जिसमें रानी मणिमाला और राजा मेदिनीराय की प्रतिमाएं लगाई जाएगीं।

इस मौके पर चन्देरी में रामजानकी मंदिर से एक शोभा यात्रा निकाली गई जो दिल्ली दरवाजा होते हुए किला कोठी पहुंची। इस शोभा यात्रा में वाहनों के साथ-साथ उनकी झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। किला कोठी पर हुए कार्यक्रम में क्षत्रिय खंगार समाज के साथ विभिन्न समाजों ने भाग लिया।

सन 1528 ई को जब मुगल आक्रांता बाबर ने चंदेरी किले पर चढ़ाई की, तो मुगल सेना के आगे चंदेरी के राजा मेदनी राय कमजोर पड़ गए,और बाबर की विशाल सेना का वीरता पूर्वक मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए, इस स्थिति में महारानी मणि माला ने अपने सतीत्व की रक्षा के लिए 1600 क्षत्राणियों के साथ आज ही के दिन 29 जनवरी 1528 को चंदेरी स्थित अपने किले में ही विशाल अग्निकुंड तैयार कर उसमें छलांग लगाकर प्राण त्याग दिए। और जौहर कर अपने मान सम्मान गौरव की रक्षा की। उन्होंने कहा कि महारानी माता मणिमाला एवं क्षत्राणी वीरांगनाएं सदैव नारी जगत के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी।

भवन निर्माण अनुमति के लिए नगरपालिका में दिए गए आवेदन, डायवर्सन एवं रजिस्ट्री के सर्वे नंबर में भारी गड़बड़ी

# एसडीएम और सीएमओ की खामोशी: कब्जाधारी बेखौफ होकर कर रहे रास्ते पर अवैध निर्माण!

## पटवारी ने किसको लाभ देने के लिए रिपोर्ट में भूमि को विवादित होना छुपाया



फर्जी नामांतरण और पटवारी की एकतरफा रिपोर्ट के दम पर रास्ते पर किया जा रहा कब्जा

### राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न पूर्व मंत्री के परिजन न्याय के लिए परेशान!




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा।**

नगर में राजस्व विभाग और नगरपालिका की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है। निर्माण की अनुमति जिन सर्वे नंबरों पर दी गई, वास्तविक निर्माण उनसे अलग सर्वे नंबरों पर किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात यह हैं कि कब्जाधारी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लगातार निर्माण कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, नगरपालिका ब्यावरा द्वारा 2023 में सुठालिया वायपास रोड पर सर्वे नंबर 566/1 भवन के निर्माण के लिए अनुमति देना बताया जा रहा है जबकि डायवर्सन में बनेसिंह का उसी निर्माणाधीन भूमि का सर्वे नंबर 566/1/7 है जबकि रजिस्ट्री में यही सर्वे नंबर अलग है। सर्वे नंबर की हेराफेरी और निर्माण अनुमति से संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को समझा जा सकता है जिसके चलते आज रास्ते पर ही निर्माण हो गया और सभी चुप्पी साधे बैठे है। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन है, फिर भी न तो राजस्व विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की और न ही नगरपालिका द्वारा निर्माण रोकने की पहल की गई।पीडित पक्ष का कहना है कि इस मामले की जानकारी कई बार एसडीएम और नगरपालिका के सीएमओ को दी जा चुकी है, लेकिन दोनों अधिकारियों की खामोशी से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। अवैध निर्माण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़े विवाद और कानून व्यवस्था की स्थिति बनने की आशंका है। नगरवासियों में इस बात को लेकर रोष है कि सामान्य नागरिकों पर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाता है, जबकि प्रभावशाली लोगों के मामले में अधिकारी आंखें फेर लेते हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ब्यावरा में अवैध निर्माण और कब्जों की बाढ़ आ जाएगी।

### पटवारी बोले - हमसे जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी दे दी

इस मामले में श्रीनाथ पालीवाल पटवारी से जब विवादित भूमि होते हुए भी साधारण रिपोर्ट देने पर पूछा गया तो उन्होने कहा की मेरे से एसडीएम ने जिन विंदुओं पर जानकारी मांगी थी उस पर बनाकर दे दी। ऐसे में यह यक्ष प्रश्न यह है कि जब सर्वे नंबरों में इतनी भिन्नता थी फिर भी बनेंसिह को विशेष सहयोग क्यों किया गया एवं सच को सामने लाकर रिपोर्ट क्यों नहीं बनबाई गई।

### मामले की गंभीरता के चलते पूर्व एसडीएम ने नहीं दिया था निर्णय

पूर्व एसडीएम गीतांजली शर्मा के कार्यकाल में भी यह मामला संज्ञान में था परंतु उन्होने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए अपने कार्यकाल में कोई निर्णय नहीं दिया परंतु वर्तमान एसडीएम ने पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर विवादित मामले में एक पक्षीय निर्णय दे दिया। जिसके कारण स्थिती बिगडना शुरू हो गई है । दूसरी ओर बनेसिंह अवैध निर्माण को लगातार जारी रखे हुए है और दूसरी मंजिल की छत भी डाल दी । आने वाले समय में यदि मामला तूल पकडता है तो प्रशासन को इन सारे पहलुओं पर पुर्नविचार करते हुए कार्रवाई करना पड सकती है।

### चर्तुसीमा में है रास्ता

यदि प्रशासन इस मामले पर ठीक से संज्ञान लेता तो बनेसिंह, कमलाबाई एवं राजेश यादव की रजिस्ट्री का परीक्षण किया जाए तो उसमें 15 वाय 45 फिट का रोड है फिर भी बिना किसी जांच के पटवारी ने अपनी गलत रिपोर्ट देकर 15 वाय 45 का रास्ता बंद करवाते हुए उस पर अवैध कब्जा करवा दिया।

### नगरपालिका ने खाली प्लॉट बताकर दी निर्माण की अनुमति

नगरपालिका लापरवाही की पराकाष्ठा यह है कि जिस प्लॉट पर भवन निर्माण की अनुमति गलत सर्वे के आधार पर दी गई उसे खाली प्लॉट बताकर 2023 में अनुमति दी गई जबकि बनेसिंह का मकान 10 साल पहले ही बनकर तैयार हो चुका था। क्यों नगरपालिका ने निर्माण अनुमति देने के पहले मौका मुआयना नहीं किया।

### दिखवाते हैं...

हम चेक करवा लेते हैं हमने किस जगह के निर्माण की अनुमति दी है यदि सहीं जगह निर्माण नहीं पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**इकरार अहमद,**
**सीएमओ नपा ब्यावरा**

# एसडीएम के आश्वासन पर माने सफाईकर्मी, खत्म की हड़ताल



प्रत्येक माह 15 तारीख के पहले मिल जाएगी सभी को पगार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

हर माह समय पर वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका के सफाईकर्मियों द्वारा गुरुवार से शुरू की गई हड़ताल का शाम होते-होते पटाक्षेप हो गया। सुबह से शाम तक नगर पालिका दफ्तर के सामने धरना देकर बैठे सफाईकर्मियों को एसडीएम निधि भारद्धाज ने आश्वासन दिया कि हर माह की पहली से 15 तारीख के बीच सभी सफाईकर्मियों को उनके मानदेय का भुगतान करवा दिया जाएगा।

एसडीएम के इस आश्वासन के उपरान्त सभी स्वच्छताकर्मी माने और अपनी हड़ताल समाप्त की। सफाईकर्मियों की मांगों को जायज ठहराते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने भी उनका समर्थन किया और वे भी हड़ताली कर्मचारियों के साथ पूरे दिन टैंट के नीचे धरना देकर बैठे रहे। इसके साथ ही नपा के पार्षद प्रतिनिधियों के.पी. पंवार, संदीप कटारिया ने भी कर्मचारियों का समर्थन किया और वे भी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। सफाई कर्मचारी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि एसडीएम सहित नगर पालिका के अधिकारियों ने अन्य मांगों के संबंध में भी यथोचित निर्णय लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पूरे नगर में दिन भर नहीं हुई सफाई

सफाई कर्मचारियों की इस पूर्व घोषित हड़ताल के चलते गुरुवार को नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं हो पाई। इसके चलते पूरे दिन जगह-जगह गंदगी और कूड़ा-करकट के ढेर नजर आए। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर नपा का सफाई वाहन भी नहीं पहुंच पाया ऐसे में रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने किया भूमिपूजन

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से विभिन्न गांवों में होंगे विकास कार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़**



क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। तहसील के विभिन्न गांवों में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने इन विकास एवं निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पूरे प्रदेश में सड़कों, भवनों और मूलभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं, जिनका लाभ आने वाले समय में आमजन को स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा डोर में 2 करोड़ 23 लाख की लागत से हिनोतिया से बरखेड़ा डोर मार्ग एवं पुलिया निर्माण, मंडावर में 34 लाख की लागत से दो आंगनवाड़ी भवन एवं पुलिया निर्माण, नुन्याहेड़ी में 36 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण, कुराड़िया खेड़ी में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, तथा हरलाय में 40 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर**

भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , विशेष अतिथि बापूलाल दांगी, पूर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष बलराम टांक, शिवचरण मंडलोई , श्रीराम दांगी, बीईओ राम बाबू पाटीदार , बीआरसी गजेंद्र शर्मा , देवेंद्र शर्मा , जन शिक्षक बालचंद सिंगला , अभिभावक गण और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा, अर्चना तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय संचालक विष्णु मंडलोई ने अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर साफा पहनाकर किया गया ।स्वागत भाषण प्राचार्य स्वामी आचार्य ने दिया ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल एक उत्सव नहीं है बल्कि पूरे वर्ष भर की कठिन मेहनत और उपलब्धियो का प्रतिबिंब है।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए निर्देश

# 3 चिकित्सकों को निलंबन के नोटिस, कुछ को मिली प्रशंसा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**




कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में मेडली पीआर एवं सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान सामने आया कि ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहगढ़, खुजनेर एवं खिलचीपुर द्वारा मेडली पीआर की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा रही है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के सस्पेंशन का प्रस्ताव आयुक्त (कमिश्नर) को भेजने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डॉ. धर्मेंद्र बामनिया (तलेन), डॉ. प्राची गहलोत एवं डॉ. सावन कोडिया द्वारा भी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर निलंबन नोटिस जारी करने हेतु कमिश्नर को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में अज्ञात वाहनों की पहचान कर उनका शीघ्र खात्मा करें तथा सभी प्रकरण रिपोर्ट सहित निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# बिजली कर्मी ने गार्ड की बंदूक लेकर दबा दिया ट्रिगर, इलाज के लिए राजगढ़ रेफर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

पचोर में मजाक में चली गोली से एक घायल



पचोर में एमपीईबी के कर्मचारी ने गार्ड की बंदूक हाथ में लेकर सहकर्मी की और तान दी। मजाक-मजाक में तानी गयी बंदूक का ट्रिगर दबने से सहकर्मी लाईनमेन का हाथ जख्मी हो गया। जिसे पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया है। जबकि आरोपी बंदूक चलाने वाले युवक सहित गार्ड को भी आरोपी बनाया है। थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया ने एमपीईबी कार्यालय के बाहर गार्ड भगवानसिंह दाँगी निवासी कांकरिया बंदूक साइड में रखकर मोबाइल चला रहा था। साथ में लाईनमेन रामबाबू परमार (सोंधिया) भी बैठा था। इस दौरान अजय बैरागी नामक लाईनमेन आया और मजाक-मजाक में बंदूक उठाकर सहकर्मी रामबाबू की और तान दी। इसी दौरान लापरवाही से बंदूक का ट्रिगर दब गया जिससे रामबाबू का हाथ में कोहनी के यहां गोली लगी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

# पुरा क्षेत्र में लावारिस भ्रूण मिला, जांच में खुली परतें

**राजगढ़।** पुरा क्षेत्र स्थित कब्रिस्तान के समीप के नाले में गुरुवार दोपहर एक लावारिस भ्रूण मिलने की खबर ने सभी को सकते में डाल दिया। हालांकि, बाद में पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि उक्त मृत भ्रूण के जन्म उपरान्त परिजनों द्वारा उसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया था जिसे कुत्ते या अन्य जानवरों बाहर निकालकर क्षत-विक्षत कर दिया गया। हालांकि, पुलिस जांच के पूर्व लोगों द्वारा कईं तरह के कयास लगाते हुए इसे गर्भपात जैसे अपराध से जोड़कर देखा जा रहा था। पुलिस ने बताया कि भ्रूण के पोस्टमार्टम उपरान्त उसे संबंधित परिजनों को सौंप दिया गया है। इसके पूर्व मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस टीम ने संबंधित महिला द्वारा 28 जनवरी को जिला अस्पताल में करवाई गई जांच, ओपीडी रजिस्टर इत्यादि भी खंगाले।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत सारंगपुर विकासखंड में कृषि रथ का संचालन




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर।**

वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड सारंगपुर में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है।कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंडों में कृषि एवं संबद्ध विभागों कृ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि कृ के माध्यम से कृषि रथ चलाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद स्थापित कर नवीन तकनीकी सुधारों की जानकारी खेत-खलिहान तक पहुंचाना है। इसी क्रम में विकासखंड सारंगपुर के ग्राम सुल्तानिया, नारण्या एवं गुलखेड़ी में कृषि रथ पहुंचा, जहां उपस्थित विभागीय दल द्वारा किसानों को विभिन्न शासकीय कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके दीर्घकालिक लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उपयुक्त फसलों के चयन एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की उपयोगिता समझाई गई।

इसके अतिरिक्त किसानों को खाद वितरण की ई-विकास प्रणाली की जानकारी देते हुए पारदर्शी एवं सरल व्यवस्था के लाभ भी बताए गए।

## 84 हनुमान दर्शन यात्रा के तहत होगा आयोजन, दोपहर 2 बजे से आरंभ होगी यात्रा

# आज जगतजननी मां जालपा पर्वत की परिक्रमा करेंगे सैकड़ों श्रद्धालु

पहाड़ी के प्रारब्ध से अंत तक 2.4 किमी है कुल दूरी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में गत 24 जनवरी से आरंभ हुई 84 हनुमान दर्शन यात्रा के तहत अब तक नगर सहित आसपास क्षेत्र के 76 हनुमान मंदिरों के दर्शन श्रद्धालुगण कर चुके हैं। यात्रा के अंतिम दिवस आज शुक्रवार को शेष रहे अन्य आठ हनुमान मंदिरों के दर्शन उपरान्त दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा पर्वत की परिक्रमा का विशेष आयोजन रखा जा रहा है।

आयोजन समिति पदाधिकारी एवं यात्रा संयोजक पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि मां जालपा पर्वत परिक्रमा की शुरूआत दोपहर 2 बजे से की जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने आधिकाधिक श्रृद्धालुओं एवं भक्तों से मां जालपा पर्वत की विशेष यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने का आगृह किया है।

गुरुवार को 84 हनुमान दर्शन यात्रा के इंग्ले कॉलोनी स्थित आर्शिवाद हनुमान मंदिर पहुंचने पर कॉलोनी सहित आसपास क्षेत्र के अनेकों श्रृद्धालुओं ने यात्रा में श्रृद्धालु भक्तों का भावभीना स्वागत, अभिनंदन किया। मंदिर में विशेष पूजा-आरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

### इन मंदिरों के दर्शन उपरान्त आरंभ होगी जालपा पर्वत यात्रा

आज यात्रा के तहत शेष रहे मारुति नंदन हनुमान मंदिर मोरपीपली, हनुमान मंदिर सरेड़ी, कृति परिसर स्थित हनुमान मंदिर, शिवधाम कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिर हनुमान मंदिर, हरिजन थाना के समीप स्थित हनुमान मंदिर, मां जालपा पर्वत स्थित दोनों हनुमान मंदिरों के दर्शन श्रृद्धालुओं द्वारा किए जाएंगे।

### जालपा मंदिर में पूजा-आरती उपरान्त होगा प्रसादी वितरण

इस एतिहासिक और अपनी तरह की पहली एवं अनूठी 84 हनुमान दर्शन यात्रा के समापन अवसर पर जगतजननी मां जालपा मैया की पूजा-अर्चना करते हुए उपस्थ्जिनों को प्रसादी का वितरण करवाया जाएगा। आयोजन समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आधिकाधिक श्रृद्धालुओं से मां जालपा पर्वत परिक्रमा यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इसी यात्रा आयोजन के तहत मंगलवार रात्रि स्थानीय रानी लक्ष्मी चैराहे पर भव्य कीर्तन का आयोजन भी रखा गया था।

### अगले वर्षों में करवाएंगे इस तरह के आयोजन

आयोजन समिति पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार आयोजित हुई अपनी तरह की इस पहली 84 हनुमान दर्शन यात्रा अंतिम नहीं है। अगामी सालों में भी इसी तरह के आयोजन करवाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।